# स्लीमनाबाद टनल का काम जल्द पूरा होगा : सीएम

## निर्माण में आई बाधाओं को दो साल में किया दूर



**भोपाल, 29 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए. प्रशासकीय और वित्तीय कठिनाइयों को दूर कर लंबित कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस क्रम में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर तेजी से पूरा करने के प्रयासों की प्रशंसा भी की. उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सबसे अधिक लंबाई 11.952 कि.मी. कीह्य स्लीमनाबाद टनल (जल सुरंग) का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है. इस परियोजना के पूर्ण होने पर शीघ्र ही उद्घाटन कार्यक्रम होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में रविवार को समत्व भवन में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 270 वीं बैठक में यह जानकारी दी गई. प्राधिकरण की बैठक के साथ ही नर्मदा नियंत्रण मंडल की 87 वीं बैठक और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट लिमिटेड के संचालक मंडल की 34वीं बैठक भी हुई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए. बरगी व्यपवर्तन परियोजना की स्वीकृति वर्ष 2008 में हुई थी.

### मुख्यमंत्री वाराणसी में रखेंगे मप्र का ओडीओपी मॉडल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और संकल्प से मध्यप्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) को एक प्रभावी आर्थिक मॉडल के रूप में विकसित किया गया है, जो स्थानीय उत्पादों को पहचान से आगे बढ़ाकर उन्हें बाजार, निर्यात और रोजगार से जोड़ रहा है. इसी सशक्त और परिणामोन्मुख मॉडल को वाराणसी में 31 मार्च को आयोजित सहयोग सम्मेलन में साझा किया जायेगा और यूपी के नवाचारों से अवगत होंगे. ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की विशिष्टता को चिन्हित कर उसे उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार उपलब्धता से जोड़ा गया है. मध्यप्रदेश में यह पहल केवल पारंपरिक उत्पादों के संरक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे एक समग्र वैल्यू चेन के रूप में विकसित किया गया है, जिससे कारीगरों, किसानों और सूक्ष्म उद्यमियों को स्थायी आर्थिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं.

# 299 पीएम आवासों का किया भूमिपूजन

### 206 हितग्राहियों को आवसीय पट्टे बांटे



**बैरसिया, 29 मार्च. नगर पालिका की वार्ड क्रमांक 12 में पार्षद पूनम राजेश कुशवाह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 229 नवीन आवासों का भूमिपूजन किया.**

इसके अलावा 206 हितग्राहियों को आवासीय भूमि के पट्टों का वितरण किया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, नपाध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, जिला महामंत्री कुवेर सिह गुर्जर मंसासीन थे. वार्ड पार्षद पूनम राजेश कुशवाह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक खत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर गरीब को अपना पक्का घर' देने का संकल्प तेजी से पूरा हो रहा है.उन्होंने कहा कि पट्टे मिलने से न केवल परिवारों को सुरक्षा मिली है, बल्कि उनका पक्के घर का सपना भी अब साकार होगा. नपा अध्यक्षा तनुश्री राठौड़ ने कहा कि जनता को अपना अधिकार मिले, यह हमारा कर्तव्य है.हम इसमें सफल हुए .कार्यक्रम मे उपस्थित हितग्राहियों के चेहरों पर अपने घर की खुशी साफ झलक रही थी.इस अवसर पर नपा के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

# लोक रंग में दिखी परंपरा व हुनर की झलक




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मार्च. गीत नृत्य और जादू के संगम ने रविवार को जनजातीय संग्रहालय में परंपरा और हुनर की अनोखी झलक दिखलाई.**

संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि के तहत लोक रंगों और विविध प्रस्तुतियों से दोपहर शुरू हुए इस आयोजन में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी परंपराओं और कला कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

उज्जैन से आई हीरामणि वर्मा और उनके साथियों ने मालवी गायन के जरिए लोक संस्कृति की मधुरता बिखेरी.भजनों और पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति में आस्था और लोक जीवन के रंग साफ झलकते रहे.उनके स्वरों ने माहौल को शांत और भावपूर्ण बना दिया जिससे दर्शक गीतों में डूबते नजर आए।

टीकमगढ़ से आए शैलेंद्र सिंह सिसोदिया और उनके साथियों ने ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति दी.इस नृत्य में लोक जीवन की सहजता और उत्सवधर्मिता झलकती है.मुख्य कलाकार द्वारा रेकड़ी वाद्य के साथ गाए गए पारंपरिक गीतों ने माहौल को जीवंत बना दिया. जबकि सह कलाकारों ने ताल और स्वर से साथ निभाया. डिंडोरी से आए जियालाल और साथियों ने गोंड जनजातीय करमा नृत्य प्रस्तुत किया.

इस नृत्य में जीवन के हर रंग और श्रम के महत्व की झलक देखने को मिली.युवक और युवतियों की सामूहिक प्रस्तुति में गीतों के माध्यम से संवाद और प्रतिस्पर्धा का भाव भी उभरकर सामने आया.

### समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी, 29 मार्च.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई सिलवानी ने शासकीय महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा. परिषद के कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को जल्द सुधारने की मांग की. मांगें पूरी न होने आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है. ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में पेयजल व्यवस्था बेहद खराब है, जिसके लिए आर.ओ. सिस्टम लगाए जाने की मांग की गई. साथ ही महाविद्यालय के फर्श एवं टॉयलेट की मरम्मत, टीन शेड निर्माण, ई-लाइब्रेरी की सुविधा तथा छात्रों के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई.

# संपत्तिकर, स्वच्छता शुल्क बढ़ाने की तैयारी

### 14 करोड़ बकाया वसूल करने में ढिलाई

### कर बढ़ाने के प्रस्ताव का लोगों ने किया विरोध

**मंडीदीप, 29 मार्च. नागरिकों को आवश्यक पानी, गुणवत्ता पूर्ण सड़कें ओर साफ-सफाई देने में अब तक नाकाम नगर पालिका परिषद द्वारा संपत्तिकर, जल कर और स्वच्छता शुल्क बढ़ाने की तैयारी की जा रही है.**

नपा परिषद की आम बैठक में इन करों में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं. नपा सूत्रों के अनुसार, यह कदम संस्था की माली हालत सुधारने के लिए उठाया जा रहा , इसके उलट नपा पुराने बकायों की वसूली में नाकाम दिख रही है. सूत्र बताते हैं कि नपा पर करीब 14 करोड़ रुपये का पुराना बकाया लंबित है, जिसे वसूलने के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं.करों में प्रस्तावित वृद्धि की भनक लगते ही स्थानीय स्तर पर विरोध की तैयारी शुरू हो गई है.

रहवासियों का कहना है कि वर्तमान परिषद के तीन वर्षों के कार्यकाल में शहर में अव्यवस्थाएं बढ़ गई हैं.सड़कें खस्ताहाल हैं, पानी की आपूर्ति अनियमित है और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है. ऐसे में करों में वृद्धि का प्रस्ताव लोगों को बेमानी लग रहा है. स्थानीय रहवासी मनीष मालवीय का तर्क है कि पहले मौजूदा सुविधाओं में सुधार किया जाए, उसके बाद ही अतिरिक्त बोझ डाला जाए.

**इनका कहना है**

नपा द्वारा संपत्तिकर बढ़ाने का बोझ सीधा कारखानों पर पड़ेगा, हम इसका विरोध करते हैं क्योंकि नपा द्वारा हमे कोई सुविधा नहीं दी जा रही है.

**नीरज जैन,** महामंत्री उद्योग संगठन, मंडीदीप

नपा के बढ़ते खर्चों और विकास कार्यों को देखते हुए राजस्व बढ़ाने के लिए परिषद में प्रस्ताव रखा जाएगा, पारित होने के बाद ही यह लागू होगा.

**प्रशांत जैन,** सीएमओ

### सलामतपुर पीएचसी को मिली टूनेट मशीन

**सलामतपुर, 29 मार्च.** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलामतपुर को टीबी की जांच में आवश्यक टूनेट मशीन मिलने से 42 गांवों के मरीजों की जांच अब आसानी के साथ अस्पताल में ही हो जाएगी. अभी दीवानगंज, गीदगढ़ क्षेत्र के मरीजों को टीबी की जांच कराने के लिए 25 किलोमीटर दूर सांची सिविल अस्पताल जाना पड़ता था.वहां भी मरीजों की संख्या अधिक होने से जांच के लिए गए घंटों इंतजार करना पड़ता था. टूनेट मशीन सांची सीबीएमओ डॉ. रवि राठौर के प्रयासों के चलते अस्पताल को उपलब्ध हुई है. मशीन के लिए ल्युपिन फाउंडेशन आगे आया और साढ़े सात लाख रुपये कीमत की मशीन स्वास्थ्य केंद्र को भेंट की है.

# 'पूरे चांद की रात' में लौटा प्रेम और 'शहजादा' में टूटा भ्रम



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मार्च. माध्यम नाट्य संस्था द्वारा रविवार की शाम श्यामला हिल्स स्थित लिटिल बैले ट्रूप में युवा अनुनाद 2026 के तहत कृष्ण चंदर की दो कहानियों का मंचन किया गया.इन दोनों ही प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनाओं और यथार्थ के बीच गहराई से जोड़ दिया.**

पहली प्रस्तुति पूरे चांद की रात ने प्रेम, इंतजार और गलतफहमी से जन्मी जुदाई का मार्मिक चित्र खींचा. वहीं आयुषी गारवे के निर्देशन में ओम दांगी और कशक राज ने सधी हुई अभिनय शैली से कहानी को जीवंत कर दिया. कश्मीर की पृष्ठभूमि में बुनी गई इस कथा में नायक नायिका पूरे चांद की रात में मिलकर एक दूसरे के साथ जीवन बिताने का फैसला लेते हैं.लेकिन कथा के नए मोड़ में नायक की एक छोटी सी गलतफहमी को दिखाया गया है, जिसके कारण 48 वर्षों की दूरी के बाद जब दोनों मिलते हैं तो बस अंत में पछतावा रह जाता है.

यह कहानी वर्तमान के परिदृश्यों की खींचतान को भी बखूबी दिखाती है जिससे दर्शक अंत तक जुड़े रहते हैं.नाटक की कथा अपने अंत के साथ ये बताती है कि जीवन चलता रहता है लेकिन गलतफहमियों और अधि अधूरी बातों से जीवन की कई भावनाएं हमेशा के लिए अधूरी रह जाती हैं। दूसरी प्रस्तुति में शहजादा ने समाज के दबाव, अकेलेपन और टूटते भ्रम की कहानी को गहराई से सामने रखा.अनुराग मिश्रा के निर्देशन में नंदिनी मिश्रा ने सुधा के किरदार को बेहद संवेदनशीलता के साथ निभाया.एक साधारण लड़की की जिंदगी में सपनों और हकीकत के बीच का संघर्ष इस नाटक की मुख्य धुरी रहा.

रिषभ झा ने मोती के किरदार में सहजता दिखाई जबकि अमन वर्मा की आवाज ने पिता के चरित्र को प्रभावी बनाया.वहीं कहानी में सुधा का अकेलापन, समाज के ताने और रिश्तों की विफलता धीरे धीरे उसे एक नए रूप में ढालते हैं.अंत में जब हकीकत का पर्दा उठता है तो दर्शक एक गहरे सामाजिक सत्य से रूबरू होते हैं.

### अहीर यादव समाज की नई कार्यकारिणी की घोषणा

**भोपाल.** राजधान के बरखेड़ी क्षेत्र में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में अहीर यादव समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेन्द्र यादव (मोहनिया) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के दौरान समाज की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया. समाज के विकास, एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई. इसी क्रम में धर्मशाला के लिए भूमि खरीदने के विषय पर धर्मशाला समिति के सचिव विशाल यादव एवं कोषाध्यक्ष विनोद यादव ने समाज के लोगों से प्राप्त निधि की जानकारी दी. पूर्व अध्यक्ष प्रेम नारायण पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया.



### पार्थिव शिवलिंग की पूजा से मिलता है मोक्ष : अतुल कृष्ण महाराज

**भोपाल, 29 मार्च.** कोलार में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ललिता नगर मार्केट के व्यापारी और रहवासी के सहयोग से शिव महापुराण की कथा चल रही है. रविवार को कथा में कथा वाचक अतुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग का महत्व बहुत है. पार्थिव शिवलिंग मिट्टी से बनाया जाता है, जो पृथ्वी का प्रतीक है. शिवलिंग को भगवान शिव का रूप माना जाता है और पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा करने से व्यक्ति को आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है. पार्थिव शिवलिंग बनाने के पीछे एक कथा है कि भगवान शिव ने स्वयं पार्थिव शिवलिंग बनाने की विधि बताई थी. यह भी माना जाता है कि पार्थिव शिवलिंग पूजा से व्यक्ति के पाप दूर होते हैं और उसे सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. समिति के सदस्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि सोमवार की कथा में शिव विवाह होगा. कथा दोपहर 2 बजे प्रारम्भ होगी.

# मां भगवती की विदाई, भगवा ध्वजों के साथ निकली झांकी



**भोपाल, 29 मार्च.** श्री यात्रा दुर्गा उत्सव समिति, सब्जी मंडी सिलावटपुरा द्वारा मां भगवती की विदाई के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया. समिति के जितेन्द्र यादव, दीपक यादव एवं नितिन यादव ने बताया कि मां भगवती की विदाई चल समारोह में 51 भगवा ध्वज, दुलदुल घोड़ी, बैंड-बाजे, डीजे के साथ-साथ तीन रंगारंग झांकियां भी शामिल रहीं, चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित श्रद्धालु शामिल हुए और मां भगवती के जयकारों से वातावरण गूंज उठा. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया. मां भगवती की आरती कर श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई.

# धागों से बनाई सुंदर कलाकृतियां

### डिजाइन टीसर्स फोरम की कार्यशाला

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मार्च. शहर के जवाहर बाल भवन में रविवार का दिन सृजन की एक जीवंत कहानी बन गया.**

आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित मैक्रम कार्यशाला में जब साधारण धागे प्रतिभागियों के हाथों में पहुंचे, तो वे देखते ही देखते खूबसूरत कलाकृतियों में बदल गये. कार्यशाला में जुटे कला शिक्षक, छात्र और शौकिया प्रतिभागी उत्साह के साथ हर नई गांठ को से सुंदर कलाकृतियां रचने में लगे रहे. किसी के हाथों में पहली बार धागा था तो कोई पहले से कला से जुड़ा हुआ था. दिनभर चलने वाली इस कार्यशाला में हर उम्र के लोगों ने अपने भीतर छिपी रचनात्मकता को खुलकर अभिव्यक्त किया.वहीं प्रशिक्षक ममता सिंह ने बेहद सहज और क्रमबद्ध तरीके से प्रतिभागियों को मैक्रम की बारीकियां सिखाई. शुरुआत साधारण गांठों से हुई और धीरे धीरे वही गांठें सुंदर डिजाइनों में बदलती चली गई.प्रतिभागियों ने अपने हाथों से वॉल हैंगिंग और की होल्डर जैसी उपयोगी और आकर्षक वस्तुएं तैयार कीं.साथ ही यहां केवल तकनीक नहीं सिखाई गई बल्कि हर प्रतिभागी को अपनी कल्पना के अनुसार कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित भी किया गया.

# सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव मनाया

### कुशवाहा समाज ने निकाली वाहन रैली




**भोपाल, 29 मार्च. राजधानी भोपाल में रविवार को कुशवाहा समाज द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर रविवार को भव्य वाहन रैली निकाली गई.**

रैली में 350 से अधिक चार पहिया वाहन और प्रदेश भर से कुशवाहा समाज संगठन के पदाधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए. सम्राट अशोक महान को समर्पित यह चार पहिया वाहन रैली राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. रैली के समापन अवसर पर अटल पथ पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया. डिजिटल कुशवाहास के संस्थापक एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान से ही अखंड भारत की पहचान रही है. हमारे राष्ट्रध्वज में उनके नाम का अशोक चक्र शामिल है. उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से एक मांग पत्र शासन को सौंपा गया है, जिसमें सम्राट अशोक महान की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, सम्राट अशोक के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की गई है.

### कपिल कुशवाह का किया सम्मान

डिजिटल कुशवाहास के संरक्षक लोकमन कुशवाहा ने कहा कि समाज के युवा प्रशासनिक अधिकारी बनें और उपलब्ध संसाधनों के जरिए समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए सहयोग करें. ग्वालियर में सिविल सर्विसेज एकेडमी के संचालक सर कपिल कुशवाहा को डिजिटल कुशवाहास की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया. चार पहिया वाहन रैली अशोका गार्डन से शुरू होकर प्रभात चौराहा, प्रेस कांपलेक्स, बोर्ड ऑफिस चौराहा, लिंक रोड नंबर एक से प्लेटिनम प्लाजा चौराहा होते हुए अटल पथ स्मार्ट सिटी पर खत्म हुई.

**अतिक्रमण** पक्की सड़क के निर्माण में बाधा बन रहा है अवैध कब्जा

# चबूतरे को हटाने की मांग, घेराव करने की चेतावनी



**मंडीदीप, 29 मार्च- नगर के वार्ड 16 में बन रही सड़क में बाधा बन रहे 4 फीट के चबूतरे को हटाने की मांग रहवासियों ने रविवार को पार्षद से की है. नागरिकों ने चेतावनी दी कि अगर यह अतिक्रमण जल्द नहीं हटाया जाएगा नपा कार्यालय का घेराव करेंगे.**

कई वर्षों बाद नपा इस कच्ची सड़क को पक्का कर रही परंतु सड़क के बीच आए अतिक्रमण को नपा हटाने में असफल रही है. नागरिकों ने आरोप लगाया कि कब्जाधारी भूरा अहिरवार अतिक्रमण हटाने को लेकर रहवासियों को देख लेने की धमकी दे रहा है. वार्ड के निवासी नरेंद्र अहिरवार ने बताया कि सड़क चौड़ी नहीं होने से भविष्य में आने-जाने में समस्या होगी. किसी बीमार व्यक्ति को तत्काल लाने ले जाने के लिए यह कोई वाहन प्रवेश नहीं कर सकता इसलिए प्रशासन को इसे तत्काल हटाया जाए. वार्ड 13 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग भी भूरा अहिरवार का है, निर्माण भू तल (तल घर) पूर्ण रूप से अवैध है. अतिक्रमण नहीं हटाने पर नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है.

**इनका कहना है**

वार्ड में नवनिर्मित भवन में बना बेसमेंट अवैध है. इस पर नपा कार्यवाही को करना चाहिए. यह नपा की लचर व्यवस्था है, जिससे आए दिन नगर में बिना परमिशन के कोई भी निर्माण कर रहा है.

**जगदीश शर्मा,** पार्षद

## तेंदुआ कुएं में गिरा , रेस्क्यू टीम ने निकाला

**बैरसिया, 29 मार्च.** नजीराबाद वन परिक्षेत्र के ग्राम पातलपुर के पास रविवार को बगैर मुनार बने कुएं में तेंदुआ गिर गया. इसकी सूचना ग्रामीणों ने रेंजर को दी. वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक श्रीवास्तव तुरंत वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे. ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को कुएं से बाहर निकलने के प्रयास जारी रखते हुए राष्ट्रीय उद्यान वन विहार भोपाल की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया.



रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को चारपाई पर बैठाकर नियंत्रित किया.

VERITAS FINANCE

**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**

सीआईएन नंबर: U65923TN2015PLC100328
(पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)
एसकेसीएल सेंट्रल स्क्वायर 1, साउथ और नॉर्थ विंग, 7वीं मंजिल, यूनिट # C28 - C35 CIPET रोड, थिरु वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032. वेबसाइट: www.veritasfin.in

**शाखाओं का विलय**

प्रिय ग्राहक,
प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दोराहा (Doraha) शाखा के संचालन को 01.07.2026 से सीहोर (Sehore) शाखा के साथ विलय (merge) कर दिया जाएगा।

| शाखा का नाम | दोराहा का पता |
| --- | --- |
| दोराहा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में ज्ञात) प्रथम तल, ग्राम बरखेड़ा द श्यामुपर, सीहोर, दोराहा, मध्य प्रदेश - 466661. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

इसके परिणामस्वरूप, सीहोर शाखा का संचालन निम्नलिखित पते पर होगा:

| शाखा का नाम | सीहोर का पता |
| --- | --- |
| सीहोर | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में ज्ञात) प्रथम तल, देव कॉम्प्लेक्स गंगा आश्रम गुकीजारी का, बगीचा स्वदेश नगर, बस स्टैंड रोड, सीहोर, मध्यप्रदेश - 466001. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

सहायता के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे विलय की गई शाखाओं के लिए नए पते पर संपर्क करें। हम अपने ग्राहकों से सहयोग का अनुरोध करते हैं। दोराहा शाखा के बंद होने की तिथि 30/06/2026 है।

**प्रबंधन की ओर से और उनके लिए,**
**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**
**हस्ताक्षर/-**
**डी अरुलमनी (D Arulmany)**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**

**स्थान: सीहोर**
**दिनांक: 30.03.2026**